हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 34.9 डिग्री
न्यूनतम 15.8 डिग्री

12 बधिर बच्चों के साथ मनाई दीपावली



12 एजेंसी ने शुरू कराई गजराज मार्ग पर मरम्मत



## खबर संक्षेप

### तीन साल के बच्चे ने पेंट निगला, अस्पताल में भर्ती

**सोनीपत।** शहर के हनुमान नगर में संदिग्ध हालत में तीन साल के बच्चे ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन बच्चे को लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर किया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। शहर के हनुमान नगर निवासी मोहित ने बताया कि उसके घर पर दीपावली पर्व के चलते रंग-रोगन का काम चल रहा है। उसका बेटे वासू ने पेंट के सामान को निगल लिया।

### हेल्थ वेलनेस सेंटर मोटर व सामान चोरी

**गन्नौर।** गांव राजपुर हेल्थ वेलनेस सेंटर में गत रात्री चोरी का मामला सामने आया है। चोर केंद्र से एक इन्वर्टर, पानी की मोटर, प्लास्टिक की टोंटी सहित अन्य सामान चुरा ले गए। सेंटर इंचार्ज ने इसकी शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में इंचार्ज कोमल ने बताया कि इन्वर्टर रविवार को ही सेंटर पर आया था जिसे सुरक्षित कमरे में रखा गया था। वहीं, पानी की मोटर और नल भी लगे हुए थे। मंगलवार सुबह जब स्टाफ सेंटर पहुंचा तो सारा सामान गायब मिला। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी, जिम में गया था व्यक्ति

**गोहाना।** शहर में पानीपत रोड स्थित मिगलानी कालोनी में रहने वाले शिव कुमार की बाइक चोरी कर ली गई। वह मंगलवार को बाइक पर मुगलपुरा स्थित जिम में गया था। वह बाइक को जिम के बाहर खड़ी करके जिम से बेटे को लेने चला गया था। कुछ देर बाद जिम से बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। उसने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को शिकायत दी।

### सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल




**सोनीपत।** गोहाना रोड हुए एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा बड़वासनी गांव के पास हुआ। हादसे में घायल हुए व्यक्ति को तुरंत नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे से कुछ समय के लिए सड़क पर जाम जैसी स्थिति भी बन गई थी, जिसे बाद में पुलिस ने नियंत्रित किया। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।

### वेल्डिंग का काम करते समय गिरा युवक, मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के गांव गढ़ मिर्कपुर में वेल्डिंग का काम करते समय युवक नीचे गिर गया। नीचे गिरने से वह बेसुध हो गया। उसके साथी व राहगीर उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। यूपी इस्लामपुर शामली निवासी अरबाज (18) मजदूरी का काम करता था। वह मजदूरी करने के लिए गांव गढ़ मिर्कपुर में आया हुआ था। मिस्त्री के साथ वेल्डिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक नीचे गिरकर बेसुध हो गया। उसके साथ काम करने वाले उसके साथी व राहगीर उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम एक साल से ठप, हवा में घुल रहा जहर

## ग्रैप-1 लागू, लेकिन वायु प्रदूषण के आंकड़ों के बिना प्रशासन अंधेरे में



हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

सर्दी की दस्तक के साथ ही दिल्ली-एनसीआर के साथ सोनीपत की हवा भी जहरीली होती जा रही है, मगर विडंबना यह है कि जिले में वायु प्रदूषण मापने वाला एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (एक्यूएमएस) पिछले एक साल से बंद पड़ा है। जबकि जिले में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप)-1 लागू हो चुका है। ऐसे में प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पास हवा की वास्तविक स्थिति का कोई सटीक डेटा नहीं है।

### कागजों में सिमटा काम

नतीजा यह कि जिले में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय महज कागजों तक सीमित दिखाई दे रहे हैं। ग्रैप के तहत नियम लागू जरूर किए गए हैं, लेकिन हवा में घुलते जहर का सही अनुमान न होना जिला प्रशासन की बड़ी चूक मानी जा रही है। एक ओर दिल्ली-एनसीआर के शहर प्रदूषण के खिलाफ सख्त कदम उठा रहे हैं, वहीं सोनीपत में यह अहम यंत्र ठप पड़ा है। जानकारी के अनुसार, सोनीपत के एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की मशीन तकनीकी खराबी के चलते पिछले साल से बंद है। इसे रिपेयर कराने के लिए विभागीय स्तर पर कई प्रस्ताव भेजे गए, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी। पहले इस मशीन से जिले की हवा की गुणवत्ता का डेटा ऑनलाइन दर्ज होता था, जिससे प्रशासन प्रदूषण स्तर के आधार पर कार्रवाई करता था। अब यह सुविधा ठप होने से विभाग प्रदूषण नियंत्रण के लिए अनुमान के आधार पर कदम उठा रहा है।

### ऑनलाइन पोर्टल व एप पर डाटा अपडेट नहीं हो रहा

एयर मॉनिटरिंग सिस्टम बंद होने का असर आम लोगों पर भी साफ नजर आ रहा है। नागरिकों को अब यह नहीं पता चल पाता कि शहर की हवा 'अच्छी', 'मध्यम', 'खराब' या 'गंभीर' श्रेणी में है। ऑनलाइन पोर्टलों और ऐप्स पर सोनीपत का डेटा अपडेट नहीं हो रहा, जिससे लोग अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियां नहीं बरत पा रहे। स्कूलों और अस्पतालों में भी वायु गुणवत्ता की जानकारी न होने से असमंजस की स्थिति बनी रहती है। निवासियों का कहना है कि जब प्रदूषण का स्तर ही पता नहीं चलेगा तो लोग कैसे जान पाएंगे कि कब मास्क लगाना है या बच्चों और बुजुर्गों को घर में रखना है। प्रशासन को इस दिशा में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।



**विभागीय स्तर पर शुरू हुई निगरानी:** हालांकि, जिला प्रशासन ने ग्रैप के नियमों को लागू करने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, एचएसआईआईडीसी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें औद्योगिक इकाइयों, निर्माण स्थलों और मुख्य मार्गों पर निगरानी कर रही हैं। खुले में कूड़ा जलाने, मिट्टी उड़ाने और वाहनों से धुआं छोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। नगर निगम ने सड़कों की सफाई बढ़ाने, पानी के छिड़काव की आवृत्ति दोगुनी करने और कचरा जलाने पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे वायु प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों से बचें।

### रिपेयर की प्रक्रिया चल रही

प्रदूषण मापक यंत्र तकनीकी खराबी के कारण लंबे समय से बंद है। इसकी रिपेयर प्रक्रिया चल रही है और उम्मीद है कि इसे शीघ्र ही ठीक कर लिया जाएगा। विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं ताकि ग्रैप के नियमों का सख्ती से पालन हो सके।
**-निर्मल कश्यप**, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी

### *स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा*

*स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सर्दियों में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने से सांस संबंधी रोगों, अस्थमा, एलर्जी और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टरों के अनुसार, प्रदूषण मापक यंत्र का बंद रहना सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। चिकित्सकों के अनुसार प्रदूषित हवा में सूक्ष्म कण (पीएम 2.5 और पीएम 10) की मात्रा बढ़ने से अस्थमा के मरीजों को ज्यादा परेशानी होती है। बच्चों और बुजुर्गों को इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जानकारी के अनुसार सोनीपत के एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन का यंत्र पिछले साल से खराब है, जिसकी रिपेयर प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई। विभागीय स्तर पर कई बार प्रस्ताव भेजे जाने के बावजूद मशीन को ठीक कराने का कार्य लंबित है।*

# देवडू में धारदार हथियारों से हमला कर ई-रिक्शा चालक की हत्या

ई-रिक्शा में सवारियां लेकर जा रहा था राजेंद्र, युवकों ने घेरकर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

थाना सेक्टर-27 क्षेत्र के गांव देवडू में बुधवार रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां चार हमलावरों ने ई-रिक्शा चालक पर बेरहमी से हमला कर उसकी जान ले ली। मृतक की पहचान राजेंद्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात राजेंद्र ई-रिक्शा में सवारियां बैठाकर देवडू रोड स्थित शराब ठेके के पास से गुजर रहे था। इसी दौरान चार हमलावरों ने अचानक से उसके रिक्शे को घेर लिया। हालात को भांपते हुए रिक्शे में बैठीं सवारियां किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकलीं। इस बीच हमलावरों ने राजेंद्र पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में राजेंद्र गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ राजेंद्र को तत्काल नागरिक अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में व्यक्तिगत रंजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।



### समुदाय विशेष के खिलाफ लामबंद हुए लोग

हत्या के इस मामले में गांव के लोग समुदाय विशेष के लोगों के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। वीरवार को दोपहर बाद ग्रामीणों ने इकट्ठे होकर समुदाय विशेष के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि समुदाय विशेष के लोग संख्या में अधिक होने के कारण गांव में अन्य समुदाय के लोगों को हमेशा दबाने की कोशिश में रहते हैं। इसी वजह से अब इस हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस दौरान मौके पर रक्षक सेना से मनजीत तिहाड़ा, प्रकाश सिंह, बाबा बल्लूनाथ, करनी सेना से दीपक चौहान अटेरना, सिद्धार्थ हिन्दू संगठनों की तरफ से पहुंचे।



### हत्या की जानकारी मिलते ही गर्भवती पत्नी बेसुध

मृतक की पत्नी पल्लवी गर्भवती हैं। पति की इस तरह निर्मम हत्या से वह बेसुध हो गई। रोते हुए उन्होंने बताया कि हमलावर समुदाय विशेष से हैं और सुबह भी उनके पति से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शाम को जब राजेंद्र रिक्शा लेकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में उन पर हमला किया गया। पल्लवी ने बताया कि हमलावरों ने जानबूझकर राजेंद्र को निशाना बनाया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान के आधार पर तलाश शुरू कर दी है।

### गांव में दहशत का माहौल, आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग

गांव में हुई इस घटना से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और मृतक परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए। उधर, मृतक के घर मातम पसरा हुआ है। पत्नी पल्लवी की हालत नाजुक बताई जा रही है। परिजन और पड़ोसी शोक में डूबे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं।



# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को पांच साल की सजा व जुर्माना

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में फ्लैट पर सफाई करने गई नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने व छेड़छाड़ करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 23 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एक महिला ने 7 मार्च 2024 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह साफ- सफाई का काम करती है। उसकी 16 वर्षीय बेटी बरोटा क्षेत्र में बने फ्लैट में सफाई करने के लिए जाती है। उसकी बेटी ने बताया कि फ्लैट के मालिक तेजेंद्र पाल सिंह उर्फ राजा ने फरवरी माह में उसके साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी महिला एसआई रानी ने की टीम ने लड़की को मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था, तब से मामला अदालत में था।

## गवाही देने से रोकने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने मुकदमे के गवाह को गवाही न देने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया है। 19 सितंबर 2025 को नाहरी निवासी ललित ने शिकायत दी थी कि 27 मई 2023 को कर्ण पुत्र वेदप्रकाश निवासी नाहरी, दीपक निवासी स्वतंत्र नगर नरेला दिल्ली सहित अन्य साथियों ने उसके घर के बाहर गोली चला दी थी। इस मामले में सभी आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें कर्ण को छोड़कर अन्य की जमानत हो चुकी है। ललित की इस मामले में 4 अक्टूबर को अदालत में गवाही होनी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 16 सितंबर की रात करीब 11:05 बजे उसके मोबाइल पर कॉल आई और धमकी दी गई कि यदि उसने अदालत में कर्ण व अन्य के खिलाफ गवाही दी तो ठीक नहीं होगा।

नशे में था आरोपी कार चालक

# हरियाणा मानव अधिकार आयोग के सदस्य की सरकारी गाड़ी में टक्कर मारने का प्रयास

**गन्नौर।** भिगान टोल के पास बुधवार देर रात उस समय अफरातफरी मच गई, जब शराब के नशे में एक कार चालक ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग के सदस्य दीप भाटिया की सरकारी गाड़ी को टक्कर मारने का प्रयास किया। घटना के समय दीप भाटिया अपने स्टाफ के साथ चंडीगढ़ से दिल्ली जा रहे थे। वे वहां पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, टोल पार करते ही एक कार ने सरकारी वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। जब चालक ने गाड़ी रोकी तो कार सवार व्यक्ति ने झगड़ा शुरू कर दिया।

### सुरक्षा कर्मचारी को भी अपशब्द बोलता रहा

मौके पर मौजूद सरकारी चालक और सुरक्षा कर्मी ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन कार चालक लगातार अपशब्द बोलता रहा। जानकारी अनुसार आरोपित कार चालक के पास वाहन के पूरे कागजात भी नहीं थे। इसकी जानकारी तुरंत पुलिस आयुक्त और थाना मुरथल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# अस्पताल में नहीं फोरेंसिक चिकित्सक जली महिला के शव को खानपुर भेजा

**सोनीपत।** कुंडली में किराए के मकान में रह रही एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि घटना खाना बनाते समय आग लगने से होना बताया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। बृहस्पतिवार को शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर भेज दिया। जहां उसका पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मृतका रजनी निवासी सैदनगर, जिला जालौन, उत्तर प्रदेश अपने पति के साथ कुंडली में किराए के मकान में रहती थी। बुधवार को रजनी संदिग्ध परिस्थितियों में आग की चपेट में आ गई। परिजन उसे अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां देर शाम होने के चलते व कागजी कार्यवाही न होने के चलते पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बृहस्पतिवार को पुलिस नागरिक अस्पताल में पहुंची। जहां फोरेंसिक चिकित्सक न होने के चलते चिकित्सक ने शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर भेज दिया। कुंडली थाना प्रभारी सेठी मलिक ने बताया कि फिलहाल मामले में किसी तरह की शिकायत नहीं दी गई है।

# बुजुर्ग ने संदिग्ध हालत में जहर खाया

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में संदिग्ध हालत में बुजुर्ग ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। तबीयत खराब होने पर परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां बुधवार देर शाम को उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र सोनीपत निवासी अरविंद पासवान (54) मेहनत-मजदूरी का काम करता था। वह काफी दिनों से मानसिक रूप परेशान चल रहा था।

### परिजन बोले-मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे

मानसिक परेशानी के चलते उसने गत 12 अक्टूबर को जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे लेकर निजी अस्पताल में पहुंचे। बुधवार देर शाम को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी एचसी भूपेंद्र ने बताया कि पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाते हुए शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

## लोग बोले-शिकायत करने पर भी समाधान नहीं हुआ

# गुमड रोड ओवरब्रिज पर जाम से आफत वाहन चालक बोले-जिंदगी नरक हो रही



### नौकरीपेशा बोले- रोज घंटों जाम में फंस रहे एंबुलेंस तक नहीं निकल पा रही

**गन्नौर।** गुमड रोड रेलवे ओवरब्रिज पर हर रोज लगने वाला जाम अब वाहन चालकों और राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। विशेष रूप से शाम के समय कार्यालयों से लौटते वाहन चालकों को घंटों तक ट्रैफिक में फंसे रहना पड़ता है। वाहनों की धीमी रफ्तार से जहां समय की बर्बादी होती है, वहीं एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती हैं। मदन स्वामी, रितेश, कुलदीप और संजय का कहना है कि उन्होंने कई बार यातायात पुलिस को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जाम से जिंदगी नरक हो गई है। उन्होंन बताया कि अगवानपुर फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है, जिस कारण पिछले कई महीनों से अगवानपुर फाटक बंद है। जिसके बाद वाहन चोलकों को गुमड़ ओवरब्रिज से होकर अपने गांवो को जाना पड़ रहा है।

## नेशनल जूनियर एथलेटिक्स में तमन्ना ने जीता गोल्ड




**खरखौदा।** भुवनेश्वर में आयोजित 40 वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा की होनहार खिलाड़ी तमन्ना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉटपुट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तमन्ना ने 15.08 मीटर का थ्रो कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय व क्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया। विद्यालय में तमन्ना के स्वर्णिम प्रदर्शन पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, तमन्ना के पिता विनोद कुमार तथा कोच रमेश कुमार ने तमन्ना को शुभकामनाएं दीं। प्रधान वेदप्रकाश दहिया व संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने विशेष रूप से तमन्ना को बधाई दी। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने कहा कि तमन्ना इससे पहले चार बार नेशनल स्तर पर पदक जीत चुकी है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने तमन्ना को जमकर सराहा।

## दिवाली पर फायरमैनों की छुट्टियां रद, ड्यूटी के घंटे बढ़ाए

# त्योहार तक 8 की जगह 12 घंटे ड्यूटी देंगे कर्मी

**गोहाना।** दीवाली के मद्देनजर दमकल विभाग ने फायरमैनों की छुट्टियां रद करने के साथ ड्यूटी के घंटे भी बढ़ा दिए हैं। गोहाना में दीवाली तक फायरमैन आठ-आठ घंटे की जगह 12-12 घंटे ड्यूटी देंगे। यह निर्णय दोनों फायरब्रिगेड गाडिय़ों के सुचारु संचालन के लिए लिया गया। दीवाली व उससे एक दिन पहले सभी कर्मचारी पूरा समय ड्यूटी पर रहेंगे। यह जानकारी विभाग के गोहाना केंद्र के इंचार्ज राजबीर ने दी।दमकल केंद्र गोहाना में फायरब्रिगेड की दो गाड़ियां हैं। केंद्र में इंचार्ज समेत 17 कर्मचारियों का का स्टाफ है। इनमें लीडिंग फायरमैन और फायरमैन हैं। फायरमैनों की शिफ्टों में आठ-आठ घंटे की ड्यूटी लगती है। दीवाली के मद्देनजर अब फायरमैनों की ड्यूटी आठ-आठ घंटे से बढ़ा कर 12-12 घंटे तक कर दी है। 20 अक्टूबर को दीवाली है। दीवाली और उससे एक दिन पहले तक सभी फायरमैनों की पूरा समय ड्यूटी रहेगी। इस बार दीवाली पर कोर्ट ने ग्रीन पटाखे जलाने की छूट दी है। दीवाली पर पटाखे जलाने से आग लगने की संभावना भी रहेगी। इसके के चलते फायरमैनों की छुट्टियां रद करके हुए ड्यूटी के घंटे भी बढ़ाए गए।

सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *


## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली
### एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडाः** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापानः** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीनः** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिकाः** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले




**मोनूः** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनूः** आखिर क्यों?
**मोनूः** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहनः** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहनः** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहनः** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहनः** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक हैं?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

**बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज-174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाज़े तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता
राकेश सोहम



## दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

**रंग भरो-187** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





माही, महासमुंद



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर




आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### मेयर राजीव जैन को मातृ शोक, 19 को रस्म पगड़ी

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन की माता शकुंतला देवी जैन का 89 वर्ष की आयु में वीरवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। सेक्टर 15 स्थित शिव मुक्ति धाम में उनके ज्येष्ठ पुत्र संजीव जैन ने मुखाग्नि दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा संगठन मंत्री फणिंद्र नाथ शर्मा ने फोन पर राजीव जैन को उनकी माताजी के निधन पर संवेदना व्यक्त की। अंतिम संस्कार में प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, देवेंद्र कादियान, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा मौजूद रहे।

### कुकिवान ओपन कप में कशिश ने जीता रजत

गन्नौर। हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल की प्रतिभाशाली ताइक्वांडो खिलाड़ी कशिश शर्मा ने इंटरनेशनल कुकिवान ओपन कप प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित हुई, जिसमें कोरिया, नेपाल, भूटान, फिलीपींस और थाईलैंड सहित कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कशिश ने जूनियर 52 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन कुकिवान इंडिया नार्थ ब्रांच द्वारा किया गया था।

### प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत बुजुर्गों को जबड़े प्रदान किए

**गोहाना।** नागरिक अस्पताल गोहाना में लायंस क्लब गोहाना सिटी द्वारा प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत पांच बुजुर्गों को फ्री जबड़े प्रदान किए। क्लब के अध्यक्ष संजय मंगल ने टीम के साथ बुजुर्गों को जबड़े दिए। दंत चिकित्सक डा. राकेश रोहिल्ला ने बुजुर्गों को जबड़े चढ़ाए। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट मुस्कान के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को नागरिक अस्पताल में फ्री जबड़े चढ़ाए जाते हैं। डा. रोहिल्ला के अनुसार अभ्युदय जन कल्याण न्यास के सहयोग से अभियान चलाया जा रहा है। अस्पताल में बुजुर्गों का माप लिया जाता है और उसके बाद जबड़े तैयार कराए जाते हैं।

### अकाउंट विभाग के खिलाफ दिया धरना

**सोनीपत।** सोनीपत जिला परिषद कार्यालय में शुक्रवार सुबह जिला पार्षद संजय बड़वासनिया अकाउंट विभाग के खिलाफ चारपाई लेकर धरने पर बैठ गए। आरोप लगाया कि अकाउंट विभाग के अधिकारी हैंडपंप सहित अन्य विकास कार्यों की पेमेंट बिना पैसे लिए नहीं करते और बिल रोककर रखते हैं। इसी के विरोध में उन्होंने कार्यालय के बाहर अकाउंट विभाग के पुतले को नोटों की माला पहनाकर धरना दिया। बड़वासनिया ने कहा कि भ्रष्टाचार पूरे प्रदेश में फैल चुका है।

### युवाओं ने लाहौल स्पीति में चलाया स्वच्छता अभियान

**सोनीपत।** सोनीपत के युवाओं ने हिमाचल प्रदेश के मनमोहक क्षेत्र लाहौल-स्पीति में 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत एक विशेष पहल की गई। इस अभियान में युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और यहां आने वाले सभी पर्यटकों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। युवाओं ने विनम्रतापूर्वक अपील की है कि लाहौल-स्पीति की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए, जो भी पर्यटक यहां घूमने आएं, वे स्वच्छता के नियमों का कड़ाई से पालन करें। लाहौल-स्पीति की सुंदरता हम सबकी साझी विरासत है। कृपया यहां कूड़ा-कचरा न फैलाएं, बल्कि उसे निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें।

### शारदीय हनुमान जयंती पर सुंदरकांड पाठ 19 को

सोनीपत। सोनीपत के श्रीनगर कॉलोनी स्थित शिव शक्ति सिद्ध पीठ मंदिर में आगामी 19 अक्टूबर, रविवार को शारदीय हनुमान जयंती के अवसर पर सुंदरकांड पाठ और स्वमणि लड्डू भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर प्रबंधन समिति ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे परिवार सहित मंदिर पहुंचकर इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हों और आशीर्वाद प्राप्त करें। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

---

हिंदू शिक्षण महाविद्यालय में पर्व के उपलक्ष्य में किया आयोजन

# दिवाली मेले में सजावट का सामान रहा मुख्य आकर्षण

## देश की सांस्कृतिक धरोहर अत्यंत प्राचीन व विश्व प्रसिद्धः डॉ. सोनिया

सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखना सबका दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हिंदू शिक्षण महाविद्यालय में वीरवार को दीपावली के उपलक्ष्य में 'दीपोत्सव दीवाली मेला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि विशेष के रूप में उप-अध्यक्ष राजेश मित्तल, कोषाध्यक्ष जयकवार जैन गवर्निंग बॉडी और मैनेजिंग कमेटी के सदस्य रवि नंदन, अशोक गोयल, रामनिवास जैन, विनय कंसल, वेद प्रकाश गुप्ता, रमेश अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा अग्रवाल, डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. शिवानी ठाकुर, नरेंद्र उपस्थित रहे। कॉलेज प्रांगण में विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिसमें आकर्षक खेल, स्वादिष्ट व्यंजन और दिवाली सजावट का सामान मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सोनिया आनंद ने कहा देश की सांस्कृतिक धरोहर अत्यंत प्राचीन व विश्व प्रसिद्ध है, इसे संजोकर रखना हम सबका दायित्व है। खाद्य स्टॉल लगाकर विद्यार्थियों की पाक कला व स्वाद कौशल का प्रदर्शन किया।



सोनीपत। हिंदू शिक्षण महाविद्यालय में मेले के दौरान संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। गिफ्ट पैक करते फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### फाउंडेशन मनाएगा पर्व

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन इस वर्ष दिवाली को एक विशेष रूप में मनाने जा रहा है, जिसे शिक्षा वाली दीवाली का नाम दिया गया है। संस्था का उद्देश्य इस पर्व को केवल रोशनी और मिठास तक सीमित न रखते, समाज में शिक्षा की ज्योति जलाना भी है। हाल ही में फाउंडेशन द्वारा आयोजित दिवाली मेले का मुख्य उद्देश्य समाज को एक सूत्र में बांधना और वहां से प्राप्त सहयोग से वंचित बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करना था। इस दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, संस्था अब बच्चों के लिए विशेष गिफ्ट पैक्स तैयार कर रही है, जिनमें शैक्षणिक सामग्री, दीपक और कुछ स्वादिष्ट खाद्य वस्तुएं शामिल होंगी।

## रामायण को मनमोहक ढंग से किया प्रस्तुत

» दिवाली समारोह का प्रथम दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी के पावन प्रांगण में तीन दिवसीय दीपावली कार्यक्रम के प्रथम दिवस का आयोजन हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा, विद्यालय निर्देशिका रीमा शर्मा एवं प्रधानाचार्या चंचल शर्मा रहे। जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



### विशेष उत्साह

इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कविता वाचन भाषण, नाटक, पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी आदि जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से दीपावली के विभिन्न पहलुओं को सभी के समक्ष रखा। दीपावली समारोह को लेकर छात्रों में एक विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में छात्रों ने संपूर्ण रामायण को अत्यंत मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। राम जन्म से लेकर राम राज्य स्थापना तक के सुंदर वर्णन ने सभी को भावविभोर कर दिया। बच्चों के अभिनय, वेशभूषा और भाव-भंगिमाओं ने वातावरण को भक्ति और आनंद से भर दिया। मुख्य अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों की सराहना की। नीरज शर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हमारी भाभी पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं कि ऐसे कार्यक्रम भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रति हमारी आस्था को और प्रबल बनाते हैं।



सोनीपत। मूक बधिर बच्चों को उपहार वितरित करते कृषि उपनिदेशक।

### दिवाली खुशियों और प्रकाश का पर्वः शर्मा

**सोनीपत।** कृषि उपनिदेशक पवन शर्मा ने शुक्रवार को श्रवण एवं वाणी निशक्त केंद्र, सोनीपत के बधिर बच्चों के साथ दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। उन्होंने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं, उपहार भेंट किए और मिठाइयां वितरित कीं। पवन शर्मा ने कहा कि दीपावली खुशियों और प्रकाश का त्योहार है, और इन खुशियों को वंचित बच्चों के साथ साझा करना ही सच्ची दीपावली है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते समाज से ऐसे विशेष बच्चों के प्रति स्नेह और सहयोग बनाए रखने की अपील की।

### दीया बनाओ स्पर्धा में सुंदरम सदन प्रथम

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यालय में दीपावली के उपलक्ष्य में दीया बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह अंतर्सदनीय प्रतियोगिता थी, जिसमें विद्यालय के तीनों सदन- सत्यम, शिवम और सुंदरम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे व आकर्षक दीए बनाकर अपनी सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। घोषित परिणाम के अनुसार प्रथम स्थान पर सुंदरम सदन, द्वितीय स्थान पर सत्यम सदन तथा तृतीय स्थान पर शिवम सदन रहा। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में पारंपरिक कला के प्रति रुचि एवं रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया।




खरखौदा। दीया बनाओ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

### कुणाल सिंह मिस्टर तो पूर्वी मिस टैलेंटेड बनी

**सोनीपत।** हिंदू इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर्स पार्टी 2025 का आयोजन किया गया। फ्रेशर पार्टी की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और स्वागत से हुई। इसके बाद मंच पर विद्यार्थियों ने एक से एक बढ़कर नृत्य, गायन, शायरी और फैशन शो के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सीनियर्स और जूनियर्स ने मिलकर कई मनोरंजक खेल और गतिविधियों के द्वारा पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। फैशन शो प्रतियोगिता में मिस्टर टैलेंटेड कुणाल सिंह (एमबीए फर्स्ट) मिस टैलेंटेड पूर्वी (बीबीए फर्स्ट) से, मिस्टर हैंडसम हर्ष (बीबीए फर्स्ट )से, मिस ब्यूटीफुल शिवानी (एमबीए फर्स्ट) से, मिस्टर फ्रेशर सुलक्ष्य (बीबीए फर्स्ट)से और मिस फ्रेशर नैंसी (एमबीए फर्स्ट) से रहे। कार्यक्रम के दौरान हिंदू संस्था के ग्रुप डायरेक्टर प्रोफेसर डीपी सिंह और कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर शिवानी ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। कोऑर्डिनेटर मिस विनीत शर्मा, कुलदीप दहिया, पूनम माथुर, अजय बजाज, विनीत गोयल, कनिका गोयल, मोनिका दुआ, सुरभि, अंजलि, मुस्कान, सीमा आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। फ्रेशर पार्टी में प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय स्टाफ।



ऋषिकुल विद्यापीठ में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथिगण साथ में अन्य।

### वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा पहली से बारहवीं तक के चारों सदनों (द्रोण, व्यास, शंकर तथा पतंजलि) के छात्र–छात्राओं ने खेल भावना और अनुशासन का अद्भुत प्रदर्शन दिखाते हुए अपने अपने सदनों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया व विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से टीम भावना और नेतृत्व के गुण सीखने का संदेश दिया। निदेशक धीरज शर्मा ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का आधार हैं और विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने विद्यार्थियों के टीम वर्क की सराहना की तथा खेलों में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग से अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

**खरखौदा।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को भरत सिंह वाटिका में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक पवन खरखौदा ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक देशवासी स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे। विधायक ने कहा कि विदेशी वस्तुओं की जगह देश में निर्मित उत्पादों को अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। विधायक ने लोगों का आह्वान किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में छोटे उद्योगों, हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देकर ही वास्तविक आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लेने की अपील की।



खरखौदा। लोगों को संबोधित करते विधायक पवन खरखौदा।



सोनीपत। प्रभात फेरी के दौरान भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु।

### प्रभात फेरी के साथ गूंजे भजन और आरती

**सोनीपत।** सोनीपत में पवित्र कार्तिक मास के दसवें दिन ब्रह्म मुहूर्त में श्रद्धालु नगर कीर्तन करते हुए शिव मंदिर नरेंद्र नगर से रवाना हुए। कीर्तन यात्रा गली नंबर 4 स्थित श्रीराम अशोक आंतिल के निवास स्थान पर पहुंची, जहां भक्तों ने भजन-कीर्तन कर आरती की। प्रभात फेरी का नेतृत्व पवन त्यागी, संजय शर्मा और राजेश कौशिक ने किया। भोर की भक्तिमय ध्वनियों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिरस में डूब गया। श्रद्धालुओं ने प्रभु भक्ति में लीन होकर एक-दूसरे को कार्तिक मास की शुभकामनाएं दीं।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान हिस्सा लेती जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

## प्रौद्योगिकी जीवन को बदल रही है और राष्ट्र की प्रगति को दे रही नया आकार : डा. स्पाह

- डिजिटल मार्केटिंग पर तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में एमएसएमई के सहयोग से एआई टूल्स के साथ डिजिटल मार्केटिंग पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को मार्केटिंग रणनीतियों के लिए एआई का उपयोग करने, उन्नत टूल्स का लाभ उठाने और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों में व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कार्यशाला के सफल आयोजन की बधाई दी।



सोनीपत। प्रतिभागी छात्रों के साथ वक्ता एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### 32 छात्राओं ने लिया भाग

कार्यशाला के सफलतापूर्वक समापन पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई दी और पाठ्यक्रम के लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित एक नए युग के मुहाने पर खड़ा है, जहां प्रौद्योगिकी जीवन को बदल रही है और राष्ट्र की प्रगति को नया आकार दे रही है। कार्यशाला के दौरान, छात्रों ने डिजिटल मार्केटिंग और एआई टूल्स के लाभों के बारे में सीखा, जिसमें बेहतर दक्षता, वैयक्तिकरण, डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि और बेहतर सामग्री निर्माण शामिल हैं। ग्राफिक डिजाइन, वीडियो संपादन, टाइप रैपिंग और सामग्री लेखन के लिए कैनवा सहित विभिन्न एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने कैनवा के मैजिक मीडिया, टेक्स्ट स्टूडियो और एआई-संचालित फेसलेस वीडियो निर्माण टूल्स का उपयोग करना भी सीखा। कार्यशाला में कुल 32 छात्राओं ने भाग लिया और बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक कौशल प्राप्त किया।

### जागरूकता का प्रचार-प्रसार करें

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की रेड रिबन क्लब (आरआरसी) और यूथ रैडक्रॉस (वाईआरसी) टीम ने सेक्टर-12 सोनीपत के सरकारी कॉलेज में आयोजित पीयर एजुकेटर एवं नोडल ऑफिसर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे इस दिशा में अधिकाधिक जागरूकता का प्रचार-प्रसार करें। कॉलेज की टीम में आर.आर.सी. नोडल अधिकारी एवं वाईआरसी काउंसलर डा. पूजा गुलाटी, आर.आर.सी. सदस्य कविता सैनी तथा स्वयंसेवक मोनिका, संजना, नैंसी, करिश्मा, विनीता और किरण अत्री शामिल रहीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा. तरुण यादव और डा. गरिमा मुख्य संसाधन व्यक्ति रहे, जबकि डा. सुरेंद्र सोलंकी और मुकेश आयोजन टीम का हिस्सा रहे। प्रशिक्षण सत्रों में एच.आई.वी./एड्स, क्षय रोग (टी.बी.), मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में एक समस्या समाधान सत्र भी आयोजित किया गया।




बैठक के दौरान ग्रामीणों के साथ बातचीत करतेसीजेएम प्रचेता सिंह।

### मेडिएशन फॉर द नेशन के प्रति किया जागरूकता

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को एक विशेष जन-जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर द नेशन का आयोजन किया गया। जिसके तहत गांव महलाना, मोहाना, जुआं व भटगांव के ग्रामीणों के साथ बैठक की। यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमो को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किया जायेगा। डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि मेडिएशन फॉर नेशन के तहत ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेंगे। बीडीपीओ अंकुर, जिला विधिक सेवा द्वारा नियुक्त किए गए मेडिएटर कुलदीप सिंह, ओमप्रकाश रंगा, सुनीता, अधिवक्ता एवं मध्यस्था प्रशिक्षक यशपाल दहिया आदि मौजूद रहे।

नगर निगम पर भेदभाव और भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

# कल से भूख हड़ताल करने का किया ऐलान

» हटाए सफाई कर्मचारियों का धरना 16वें दिन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और बलि सेना यूनियन के बैनर तले हटाए गए सफाई कर्मचारियों का धरना वीरवार को 16वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन ने किया। प्रधान मुकेश ने कहा कि नगर निगम प्रशासन और नेताओं ने अब तक हटाए गए सफाई कर्मचारियों की कोई सुध नहीं ली है।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की बात कही। मुकेश कर्मा ने घोषणा की कि वे शनिवार से नगर निगम परिसर में भूख हड़ताल शुरू करेंगे, जो तब तक जारी रहेगी जब तक सभी हटाए गए कर्मचारियों को पुनः कार्य पर नहीं लिया जाता। आज के प्रदर्शन में युधिष्ठिर, अमित, अनिल, रविंद्र, विजय, अशोक, राहुल, ज्योति, पूनम, सुषमा, काजल, प्रमिला सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

### बदले की भावना से हटाया

निगम में जातीय भेदभाव की स्थिति बनी हुई है, जहां उच्च जाति के अधिकारियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि निर्दोष कर्मचारियों को बदले की भावना से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह अन्यायपूर्ण है और कर्मचारियों को शीघ्र ड्यूटी पर बहाल किया जाए। मुकेश कर्मा ने बताया कि हटाए गए सफाई कर्मचारियों का एकमात्र 'दोष' यह था कि वे नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर रहे थे। इसी वजह से निगम अधिकारियों ने उन्हें साजिश के तहत काम से हटा दिया। उन्होंने कहा कि आज सभी सफाई कर्मचारी दोपहर 12 बजे अपने कार्यस्थलों से निकलकर नगर निगम परिसर में एकत्र हुए और बाद में सिविल लाइन थाना पहुंचकर प्रदर्शन किया।



सोनीपत। प्रमाण पत्रों के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### स्मार्ट आंगनवाड़ी प्रमाण पत्र वितरण समारोह

**सोनीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग, सोनीपत द्वारा रॉकेट लर्निंग के सहयोग से वीरवार को 8वें राष्ट्रीय पोषण माह समापन समारोह एवं स्मार्ट आंगनवाड़ी प्रमाण पत्र वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया। समापन समारोह का आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी गीता, एवं रॉकेट लर्निंग के प्रोग्राम मैनेजर रितेश की उपस्थित में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण माह के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की और समुदाय में पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा प्रारंभिक बाल शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, जिन्होंने डिजिटल और नवाचारपूर्ण प्रयासों के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य किया है। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीन कुमारी ने कहा कि ऐसी पहलें बच्चों और महिलाओं के पोषण एवं समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**खबर संक्षेप**



## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट वेस्ट सीआईए-1 की पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और जिंदा राउंड बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रामबाबू निवासी गांव नान्दन, जिला सीतापुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी चाय की दुकान, एचएसआईआईडीसी राई के रूप में हुई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, 16 अक्टूबर 2025 को सीआईए-1 टीम के सहायक उपनिरीक्षक प्रवेश अपनी टीम के साथ ककरोई चौक सोनीपत पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा तो उससे अवैध हथियार बरामद हुआ।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**गोहाना।** गांव सिकंदरपुर माजरा में युवक को बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज के अस्पताल ले जाया गया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया है। प्रविंद्र ने पुलिस को बताया कि वह खरखौदा रोड स्थित रेलवे लाइन की तरफ गया था। उसी समय एक बाइक चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में उसे चोटें आई और उसका मोबाइल भी टूट गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की जांच चल रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में मिस्त्री की मौत




**खरखौदा।** झिंझौली टोल के पास हुई सड़क दुर्घटना में मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक के भाई सरोज ने बताया कि उसका भाई अनिल राजमिस्त्री का काम करता था, जो 2 महीने से नांगलोई दिल्ली उसके पास रह रहा था। वह अपने काम के लिए स्कूटी पर नाहरा गांव की तरफ जा रहा था। जब वह टोल के पास पहुंचा तो उसकी स्कूटी को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया । घायल अवस्था में उसे पूठ स्थित वाल्मीकि अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निर्माण सामग्री की जांच कराएगी नगर परिषद

# नप की सख्ती : एजेंसी ने शुरू की गजराज मार्ग पर मरम्मत

महम और रोहतक मार्ग के बीच टूटी सड़क की दो माह पहले मरम्मत करवाई गई थी



गजराज मार्ग पर दोषपूर्ण खंड की मरम्मत करते एजेंसी के कामगार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

नगर परिषद (नप) अधिकारियों की सख्ती के बाद एजेंसी ने गजराज मार्ग पर मरम्मत शुरू करवा दी है। एजेंसी ने दोषपूर्ण सडक़ खंड को उखाडक़र वहां पर नए सिरे से रोड़े बिछाकर बिटुमिनस की लेयर बिछानी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने एजेंसी से मरम्मत के बाद मैटेरियल टेस्ट रिपोर्ट भी मांगी है। इसके साथ नगर परिषद द्वारा इस मार्ग पर लगाई गई निर्माण सामग्री की प्रतिष्ठित श्रीराम इंस्टीट्यूट की प्रयोगशाला से जांच कराई जाएगी। इसके लिए नप द्वारा सैंपल लेने को इंस्टीट्यूट को पत्र लिखा जा चुका है। शहर में महम और रोहतक मार्ग के बीच गजराज संपर्क की टूटी सडक़ की लगभग दो माह पहले मरम्मत कराई गई थी। एजेंसी ने गड्ढों को भरवाकर बिटुमिनस की लेयर बिछाई थी। यह काम छह अक्टूबर को काम पूरा हुआ और उसके अगले दिन ही जगह-जगह से सडक़ टूट गई थी।

### सड़क पर थे गड्ढे

कई जगह लेयर पूरी तरह से उखड़कर गड्ढे हो गए और कुछ जगह दरारें भी आ गईं। मुख्य रूप से तीन जगह से बड़े टुकड़ों में लेयर उखड़ गई थी। अधिकारियों ने निरीक्षण किया तो निर्माणकार्य में कई तरह की खामियां मिली थी, जिस पर एजेंसी को तीन दिन के भीतर नियमों के अनुसार सुधार करने के निर्देश दिए थे। एजेंसी ने समय पर काम शुरू नहीं किया जिस पर अधिकारियों ने दोबारा पत्र जारी करके अंतिम चेतावनी दी। अब एजेंसी ने तीनों जगह से दोषपूर्ण सड़क खंड को पूरी तरह से उखाड़ कर वहां पर दोबारा काम शुरू कराया।

### सैंपल लेंगे

जांच में सड़क निर्माण में कई तरह की कमियां उजागर हुई थी। एजेंसी बेशक मरम्मत करवा दे लेकिन निर्माण सामग्री की प्रयोगशाला से जांच कराई जाएगी। प्रयोगशाला की रिपोर्ट के आधार पर आगामी निर्णय लिया जाएगा।

-राहुल पूनिया, एक्सईएन, नगर परिषद गोहाना

## राजपुर-भिगान मार्ग पर अधूरा कार्य बना हादसों का कारण, एक साल से नहीं हुई मिट्टी भराई


**गन्नौर।** राजपुर से भिगान तक मुख्य सड़क के चौड़ीकरण कार्य को पूरा हुए एक वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन अब तक सड़क किनारों पर मिट्टी भरने और समतलीकरण का कार्य नहीं हो पाया है। अधूरे निर्माण के कारण यह मार्ग अब स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए परेशानी और खतरे का सबब बन चुका है। सड़क के दोनों ओर खाली गड्ढे बने हुए हैं, जिनसे सड़क की किनारियां टूटने लगी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य अधूरा छोड़ना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। ग्रामीणों ने बताया कि रात के समय जब भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, तो सड़क के किनारे दब जाते हैं, जिससे बाहरी परत धंसने लगती है। कई बार दोपहिया वाहन चालक इन गड्ढों में फंसकर गिर चुके हैं। सड़क से सटे खेतों के किसानों का कहना है कि ठेकेदार ने केवल सड़क पर तारकोल बिछाकर खानापूर्ति कर दी। किनारों की मजबूती के लिए जरूरी साइड फिलिंग पूरी तरह नजरअंदाज कर दी गई, जिससे सड़क की नींव कमजोर हो गई है और धीरे-धीरे ढह रही है। ऐसे में लोग इस मार्ग से गुजरते समय भय महसूस करते हैं। ट्रैक्टर-ट्राली और बस जैसे बड़े वाहनों को मोड़ते समय विशेष सतर्कता बरतनी पड़ती है, क्योंकि किनारे धंसने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि सड़क के किनारों पर तत्काल मिट्टी भरकर उसे सुरक्षित किया जाए। साथ ही, जहां-जहां सड़क टूट चुकी है, वहां जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू किया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके।



### सरकार पर जड़े आरोप

## पूर्व मुख्यमंत्री ने नई अनाजमंडी का दौरा कर सुनीं किसानों की समस्याएं

नेता विपक्ष बोले- धान के किसानों को प्रति एकड़ 500 रुपये का बोनस दें



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को शहर की नई अनाज मंडी का दौरा किया और किसानों, आढ़तियों और मजदूरों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वे लगातार प्रदेश की मंडियों का दौरा कर रहे हैं। गोहाना समेत तमाम मंडियों में किसानों की शिकायतें मिल रही थी। मंडियों में किसानों को एमएसपी से कम भाव पर फसल बेचनी पड़ रही है। मंडी में गेट पास बनवाने और फसल रखने की जगह न मिलने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। सरकारी एजेंसियां नमी या काले दानों का बहाना बनाकर धान खरीदने से इनकार कर रही हैं, जिस कारण किसानों को फसल के कम भाव मिल रहे हैं। वे बोले कि इस बार भारी बारिश, बाढ़ और जलभराव ने किसानों की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई जगह फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई और जो फसल बची हैं उसमें उत्पादन बहुत कम है। बाकी कसर सरकार ने पूरा भाव न देकर पूरी कर दी।

### नमी में छूट मिले

उन्होंने कहा कि सरकार धान खरीद में 22-24 प्रतिशत नमी पर छूट दे और 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा करे। इस अवसर पर विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक संत कंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, कमला भावड़, परमेन्द्र जौली, अनूप मलिक, जितेंदर जांगड़ा, जंगशेर नूरण खेड़ा, बंसी बाल्मीकि, डॉ. दिलबाग खान, मुकेश तायल, रविंद्र मोर व अनिल निम्बडिया मौजूद रहे।

### मंडी में किसानों को नहीं मिल रही एमएसपी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले धान का रेट 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया था लेकिन अब किसानों को एमएसपी भी नहीं मिल रहा। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया और गेट पास की जटिलताओं ने किसानों को परेशान कर रखा है। फसल उठान में देरी और भुगतान में लेटलतीफी से उनकी मुश्किलें और बढ़ रही हैं।

## पदक विजेता खिलाड़ी को संस्थान प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित

**गोहाना।** जनता विद्या भवन, बुटाना संस्था द्वारा संचालित जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र हिमांशु ने चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर सर्कल ओपन कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। गुरुवार को संस्थान में पदक विजेता हिमांशु को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता संस्थान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत सांगवान ने की। खिलाड़ी हिमांशु ने इस प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम प्रथम स्थान पर रही और ट्राफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम के खिलाडियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके बाद गांव बुटाना, कोहला, नूरन खेड़ा एवं ईसापुर खेड़ी के ग्रामीण हिमांशु को खुली जीप में बैठाकर जुलूस के साथ गांव लेकर पहुंचे। इस अवसर पर संस्थान के सचिव रामनिवास सांगवान, सह सचिव कृष्ण सांगवान, सदस्य दलीप सिंह, राममेहर, वेदपाल मालिक, संदीप, ईश्वर, आजाद सांगवान, प्राचार्य मनोज सांगवान, प्राचार्य डॉ. केपी सिंह, डॉ. रवींद्र सांगवान व अन्य मौजूद रहे।

## हिन्दू गर्ल्स कॉलेज में ग्रीनिंग वेस्टलैंड्स ऑफ इंडिया अभियान का आयोजन




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी स्वयंसेवक एवं कॉलेज स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हिन्दू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी इकाई ने वेस्टलैंड्स ऑफ इंडिया अभियान के तहत 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2025 तक एक सप्ताह तक चलने वाला हरित अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक उन्मूलन एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसमें एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अनीता गोयल ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपना योगदान दिया।

## साउथ पॉइंट के शिवम ने लहराया परचम

सोनीपत। साउथ पॉइंट स्कूल के 11वीं कक्षा के विज्ञान संकाय के छात्र शिवम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दोहरी स्वर्णिम सफलता हासिल की है। शिवम ने न केवल 2025 इंटरनेशनल ओपन कुक्कीवोन कप में स्वर्ण पदक जीता, बल्कि इसके बाद आयोजित छठी इंडिपेंडेंस कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 में भी स्वर्ण पर कब्जा जमाया।

साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पदक विजेता का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### कुक्कीवोन कप में नाम रोशन किया

चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि दिल्ली के आईजीआई स्टेडियम में 9 से 12 अक्तूबर तक आयोजित इंटरनेशनल ओपन कुक्कीवोन कप में शिवम ने अंडर-68 किलोग्राम भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

### ताइक्वांडो में भी अव्वल

इसके बाद राजस्थान में 14 व 15 अक्तूबर को हुई इंडिपेंडेंस कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भी उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। दोहरी स्वर्णिम उपलब्धि के साथ स्कूल लौटने पर शिवम का साउथ पॉइंट ग्रुप परिसर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन के सभी अधिकारियों ने शिवम की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि शिवम की यह दोहरी जीत आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री, सीईओ भावना कालरा ने भी उसे सराहा।

## पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने रखी पार्क की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गांव छिछड़ाना में पार्क बनाया जाएगा। पार्क निर्माण के बाद गांव की शोभी बढ़ेगी। गुरुवार को भाजपा बरोदा हलका के पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने पार्क की आधारशिला रखी।

गांव छिछड़ाना में आबादी क्षेत्र के बीच में पूर्व में पटवारखाना का भवन था। यह भवन जर्जर हो चुका था और आसपास की जगह में ग्रामीणों द्वारा कचरा व गोबर डाला जाता था। अब इसी जगह पर पार्क बनाया जाएगा, जिस पर लगभग नौ लाख रुपये का खर्च आएगा। सांगवान ने कहा कि ग्रामीण अपनी देखरेख में काम कराएं। इस मौके पर बीडीपीओ डा. परमजीत, सरपंच राजबीर मलिक, भाजपा के जिला महामंत्री जितेंद्र, मंडल अध्यक्ष अशोक सेन, राम कुमार, मनोज नंबरदार, बलबीर वाल्मीकि और महेंद्र उपस्थित रहे।



## रामायण केवल महाकाव्य नहीं जीवन दर्शन भी : सुनीता वर्मा

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना की शिशुवाटिका के 99 विद्यार्थी गुरुवार को रामायण के विभिन्न पात्रों के रूप में पहुंचे। रामायण के पात्रों के रूप में विद्यार्थियों ने धर्म एवं संस्कृति के साथ आगे बढने का संदेश दिया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि रामायण केवल महाकाव्य ही नहीं अपितु यह जीवन दर्शन भी है। यह धर्म, कर्तव्य और मर्यादा के आदर्शों को दर्शाता है। कार्यक्रम का संयोजन शिशु वाटिका प्रमुख सुनीता वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में बाल विद्यार्थी राजा दशरथ, कौशल्या, सुमित्रा, राम, लक्ष्मण, लव, कुश व अन्य पात्रों के रूप धर कर पहुंचे।



रामायण के पात्रों की वेशभूषा में गीता विद्या मंदिर के विद्यार्थी।

## बैक डेट से न लागू हो नई शिक्षा नीति

■ छात्र नेता ने जताया विरोध, दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंप चेताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय प्रशासन ने गत दिनों नई शिक्षा नीति को लागू किया जिसका विरोध छात्र नेता शुभम नैन ने किया व आज प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा नीति में बदलाव करने की मांग रखी। शुभम नैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति से पहले विवि प्रशासन को मर्सी चांस के द्वारा छात्रों के पेपर कराने चाहिए।

2023 के बाद से अब तक छात्रों को मर्सी चांस नहीं मिला है। जिससे छात्र छात्राओं को मानसिक रूप से भी प्रताड़ना सहन करनी पड़ रही है। शुभम नैन ने कहा कि आज तो हम ज्ञापन के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी देने आये हैं अगर नई शिक्षा नीति में बदलाव को लेकर बनी कमेटी ने सुधार नहीं किया तो तमाम छात्रों के साथ विश्वविद्यालय की तालाबंदी कर दी जाएगी व जो भी परिणाम होंगे उसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ही जिम्मेदार होगा। इस मौके पर शुभम चौधरी, दीपांशु आंतिल, मुकुल मलिक व मनीष कटारिया आदि छात्र मौजूद रहे।



मुरथल विवि में पहुंचें छात्र नेता साथ में विद्यार्थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### राजकीय उच्च विद्यालय जठेड़ी में स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ कार्यक्रम

# त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक : जठेड़ी

महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति व जीवन रक्षक ब्लड समिति के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

महाराणा प्रताप युवा समाज सेवा समिति व जीवन रक्षक ब्लड समिति की ओर से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने व विदेशी वस्तुओ का बहिष्कार करने का संकल्प दिलवाने के लिए राजकीय उच्च विद्यालय जठेड़ी में जागरूकता कार्यक्रम किया। दीप जलाओ लड़ी भगाओ अभियान के तहत विद्यार्थियों में मिटी के दीपक वितरित किये गए।

गांव के सरपंच एवं भाजपा युवा नेता योगेश जठेड़ी ने मुख्यातिथि शिरकत की। योगेश जठेड़ी ने संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक हैं। दीपावली पर मिटी के दीपक जलाने का विशेष महत्व है, इस लिए विदेशी बिजली की लड़ियों की जगह हर घर में मिटी के दिये जलाने चाहिए। स्कूल मुख्य अध्यपिका सविता व प्राध्यापक नीलम, महावीर पहल व समस्त स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। धर्मवीर दहिया व हुकमचंद भारद्वाज ने बच्चों को दीपक जलाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम आयोजक धर्मवीर दहिया एक्स डीटीओ रेडक्रॉस, जीवन रक्षक ब्लड समिति समिति से हुकमचंद भारद्वाज, अजीत सिंह, नरेंद्र, भूपेंद्र सहित अन्य मौजूद रहे।




राई। गांव के सरपंच एवं भाजपा युवा नेता योगेश जठेड़ी कार्यक्रम में संबोधित करते हुए।

## विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे पार्षद पुनीत राई

**राई।** नगर निगम वार्ड 8 में विकास कार्यों की निगरानी और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से निगम पार्षद पुनीत राई ने निर्माण कार्यों का दौरा किया। दीपावली से पहले वार्ड की मुख्य सड़कों और गलियों का निर्माण कार्य पूरा करवाने के लिए पार्षद टीम के साथ लगे हुए है। वही वार्ड का हर कोना दीपावली पर जगमग जगमगाने के लिए भी स्ट्रीट लाईट ठीक करवाने व लगवाने में लगे है। पुनीत राई ने बताया कि वार्ड में सड़कों की मरम्मत, नई इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने, नालियों की सफाई और बिजली व्यवस्था के सुधार जैसे कई कार्य अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि जनता का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और हर काम जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में वार्ड में एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी ताकि कोई भी गली अंधेरे में न रहे। इस अवसर पर राकेश कौशिक, सुरेश त्यागी व अन्य मौजूद रहे।



राई। निगम पार्षद पुनीत राई वार्ड में कार्यो की गति बढ़ाने के लिए दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि




स्लोगनों के माध्यम से स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यार्थी।

## स्वच्छता व सज्जा के कार्य में ग्रीन हाउस ने बाजी मारी

■ डीबीएम स्कूल मदीना में स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गुरुवार को डीबीएम पब्लिक स्कूल मदीना में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व को समझाना और उन्हें स्वच्छ भारत अभियान से जोडऩा रहा। कार्यक्रम में थियाज्म हाउस, कैरेज हाउस, पैशन हाउस, ग्रीन हाउस और एंबिशन हाउस के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### स्वच्छ भारत के नारों से गूंजा स्कूल

विद्यार्थियों ने कक्षाओं, गलियारों, बगीचे, खेल मैदान और प्रयोगशालाओं में सफाई की। सफाई अपनाओ, रोग भगाओ, हर घर, हर विद्यालय हो स्वच्छ और स्वच्छ भारत का सपना, सबका अपना के नारे लगाए। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि जहां होती है सफाई वहां अच्छे मन से होती है पढ़ाई। स्वच्छता व सज्जा के कार्य में ग्रीन हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया। प्राचार्य जगजीत सिंह मलिक ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है।